INDIAN SCHOOL SALALAH

2nd TERM EXAMINATION, MARCH – 2019

**2nd LANGUAGE HINDI**

**Std. : VIII** **Time : 3 Hrs.**

**Max. Marks : 80**

**Total Pages : 5** **Total Questions : 21**

---

**01. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे दिए हुए प्रश्नों के उत्तर लिखिएः-**

महात्मा गाँधी अपना काम अपने हाथ से करने पर बल देते थे। वे प्रत्येक आश्रमवासी से आशा करते थे कि वह अपने शरीर से संबंधित प्रत्येक कार्य, सफाई तक स्वयं करेगा। उनका कहना था कि जो श्रम नहीं करता वह पाप का अन्न खाता है। ऋषि-मुनियों ने भी कहा है - बिना श्रम किए जो भोजन करता है, वह वस्तुतः चोर है। संस्कृत में कहा गया है कि सोए हुए शेर के मुँह में हिरण अपने आप नहीं गिरता। आजकल भारतीय युवकों में एक ऐसी धारणा पनपती जा रही है जिसके कारण वे शारीरिक श्रम को नीची नज़रों से देखने लगे हैं। किसी IT कंपनी में काम करना तथा लाखों रूपए कमाना तथा अपनी सुख-सुविधाओं में वृद्धि करना ही अपने जीवन का एक मात्र लक्ष्य समझकर काम करने लगे हैं। इन लोगों से कौन बताए, खेत में साल भर काम करके दूसरों की भूख मिटानेवाला किसान किसी कंपनी में लाखों रूपये कमानेवाले कर्मचारी से महान है। उसका कर्म केवल अपनी ज़रूरतों की पूर्ति नहीं करता अपितु दूसरों को लाभ पहुँचाता है।

**प्रश्नः-**

क) महात्मा गाँधी प्रत्येक आश्रमवासी से क्या आशा करते थे? 2

ख) आजकल के भारतीय युवक आई. टी कंपनियों में काम करना श्रेष्ठ क्यों समझते हैं? 2

ग) किसान लाखों रूपए कमानेवाले युवकों से महान क्यों है? 1

**02. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर उसके नीचे दिए हुए प्रश्नों के उत्तर लिखिएः-**

यह हार एक विश्राम है
जीवन महा संग्राम है
तिल-तिल मिटूँगा पर दया की भीख मैं लूँगा नहीं।

क्या हार में, क्या जीत में
ज़रा नहीं भयभीत मैं
संघर्ष पथ पर जो मिले, वह भी सही, वह भी सही

वरदान माँगूँगा नहीं।
चाहे हृदय को ताप दो
चाहे मुझे अभिशाप दो
कुछ भी करो, कर्तव्य-पथ से किंतु भागूँगा नहीं
वरदान माँगूँगा नहीं।

प्रश्नः-

क) कवि किस चीज़ से तृप्त होकर वरदान नहीं माँगता? 2

ख) कवि किस पथ से भागना नहीं चाहता और क्यों? 2

**03. निर्देशानुसार कीजिएः-**

क) अभिमान (उपसर्ग और मूल शब्द अलग कीजिए) ½

ख) शारीरिक (मूल शब्द और प्रत्यय अलग कीजिए) ½

**04. निम्नलिखित शब्दों का वर्ण विच्छेद कीजिएः- 2**

बचपन, भगवान

**05. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यावाची शब्द लिखिएः- 2**

बारिश, गुनाह

**06. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिएः- 2**

जिसका आकार न हो, जिसका संबंध पश्चिम से हो
भगवान पर विश्वास करनेवाला, सबकुछ जाननेवाला

**07. निम्नलिखित शब्दों का प्रयोग भिन्न-भिन्न अर्थों में कीजिएः- 2**

पानी-पाणि, भाषण-भीषण

**08. निम्नलिखित समस्त पदों का विग्रह कीजिएः- 2**

चौराहा, त्रिफल, गंगाजल, लाभ-हानि

**09. निम्नलिखित मुहावरों का प्रयोग वाक्यों में कीजिएः- 2**

विजय पताका लहराना, चेहरा तमतमा उठना

**10. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके पुनः लिखिएः- 2**

क) मैंने पिछले साल मैसूर गया था।

ख) लड़का को प्यास लगी थी।

**11.** **बड़े-बड़े शहरों में रोज़ हो रही सड़क दुर्घटनाओं के संबंध में दो मित्रों के बीच लगभग 50 शब्दों में संवाद लिखिए।** **3**

**12.** **शुल्क माफी की प्रार्थना करते हुए प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए।** **5**

**(अथवा)**

**अपने इलाके में पानी की समस्या का उल्लेख करते हुए अध्यक्ष, दोफार नगर पालिका के नाम पत्र लिखिए।**

**13.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिएः-**

क) समय का सदुपयोग **5**

ख) मोबाइल का बढ़ता प्रभाव

ग) पर्यावरण की रक्षा

**14.** **निम्नलिखित चित्र को देखकर अपने मन में आनेवाले विचारों को लगभग 30-40 शब्दों में लिखिएः-** **3**



**खण्ड-ख**

**15.** **निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर उसके नीचे दिए हुए प्रश्नों के उत्तर लिखिएः-**

बताओ, पात्र लेकर जाते समय कितनी बार
नाम इष्ट का लिया?
“एक बार भी नहीं”
शंकित हृदय से कहा नारद ने विष्णु से,
“काम तुम्हारा ही था
ध्यान उसी में लगा रहा
नाम फिर क्या लेता और?”
विष्णु बोले, “नारद, उस किसान का भी काम मेरा दिया हुआ है।

उत्तरदायित्व कई लादे हैं एक साथ
सबको निभाता और
काम करता हुआ
नाम भी वह लेता है
इसी से है प्रियतम।"
नारद लज्जित हुए
कहा, यह सत्य है।"

प्रश्नः-

क) विष्णु ने किसान के बारे में क्या बताया? 2

ख) नारद पात्र लेकर जाते समय इष्ट का नाम क्यों नहीं ले सके? 2

**16. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे दिए हुए प्रश्नों के उत्तर लिखिएः-**

जो दूसरे की सलाह पर अपनी निश्चित दिशा त्याग देता है, जो क्षण-क्षण में विचार बदलता है ऐसा व्यक्ति संसार में कोई महान कार्य नहीं कर पाता। हलके हवा के झोंके भी जिस वृक्ष को गिरा दें, वह किसी को फल क्या देगा! बड़ी-बड़ी आँधियों के झेलने का साहस रखनेवाले वृक्ष ही दूसरों की भूख दूर करते हैं, किसी का आश्रय-स्थल बनते हैं। जो व्यक्ति दूरदर्शी है, अपनी सूझ-बूझ से आनेवाली परिस्थितियों पर सोच-विचारकर कदम उठाता है, उसे बड़ी-से-बड़ी बाधा भी नहीं हिला पाती। वह हिम्मत नहीं हारता और हर दिशा में सफलता पाता है।

क) कौन-सा व्यक्ति जीवन में कोई महान कार्य नहीं कर सकता और क्यों? 2

ख) दूरदर्शी व्यक्ति की क्या विशेषताएँ हैं? 2

**17. 'रँग जाती एक ऋतु' अथवा 'मेरा नया बचपन' कविता का सारांश अपने शब्दों में लिखिए। 4**

**18. निम्नलिखित पंक्तियों का आशय स्पष्ट कीजिएः- 4**

क) झूठ के रास्ते पर मैंने घोड़ा दौड़ा दिया था और अब लगाम मेरे हाथ में नहीं थी।

ख) संकल्प दृढ़ हो तो क्या नहीं हो सकता?

**19. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर 20-25 शब्दों में लिखिएः- 2x2=4**

क) ओज़ोन की परत को सुरक्षा कवच क्यों कहते हैं?

ख) अमर ज्योति संस्था में छात्रों के आत्मनिर्भर होने के लिए कौन-कौन से कार्य सिखाए जाते हैं?

ग) विजय को कब अनुभव हुआ कि उससे भयंकर अपराध हुआ है?

**20. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों में लिखिएः- 5x3=15**

क) "सज़ा" पाठ के आधार पर लिखिए कि मनुष्य के लिए सबसे बड़ी सज़ा क्या हो सकती है?

ख) तेज़ पराबैंगनी किरणों के पृथ्वी पर आ जाने का क्या परिणाम होगा?

ग) 'एक स्वप्न साकार हुआ' पाठ के आधार पर 'अमर ज्योति' संस्था के कार्यों के बारे में 40-50 शब्द लिखिए।

घ) सफलता प्राप्ति के लिए क्या-क्या करना अनिवार्य है?

ङ) कवि 'रँग जाती एक ऋतु' कविता द्वारा क्या संदेश देना चाहते हैं?

**21. सहपाठ के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिएः-**

क) अन्ना की बेचैनी का क्या कारण था? 2

ख) "संसार में सबसे बड़ा रिश्ता माँ का ही होता है" - रोटियाँ पाठ के आधार पर लिखिए। 3

----------------------